आड़ान्दि बोंगा / विवाह मंत्र

आदि धरमानुसार मंत्र-पाठ का मुंडारी-हिन्दी संस्करण

डॉ. रामदयाल मुण्डा

रतन सिंह मानकी

आड़ान्दि बोंगा/विवाह मंत्र

आदि धरमानुसार मंत्र-पाठ का मुण्डारी-हिन्दी संस्करण

डॉ. रामदयाल मुण्डा

रतन सिंह मानकी

रम्बुल

प्रकाशक	:	रूम्बुल दिरि ओड़ाः, सरना टोली राँची कॉलेज के पीछे, राँची – 834008, झारखण्ड www.rumbul.org
सर्वाधिक सुरक्षित	:	रूम्बुल
प्रथम संस्करण	:	अगस्त, 2001
द्वितीय संस्करण	:	नवम्बर, 2016
आवरण	:	विश्वनाथ अनुपम पूर्ति
I.S.B.N.	:	978-81-932-7544-3
मूल्य	:	50 रुपये
मुद्रक	:	आई.डी. पब्लिशिंग, राँची, झारखण्ड

अनुक्रमणिका

1. प्राक्कथन 5
2. भूमिका 7
3. आड़ान्दि बोंगा 13
   - कोनेआ: ओड़ा: रे: बोओर दारोम 22
   - कोनेआ: उडुङ 25
   - बोओरा: कानाजि 27
   - कोनेआ: काजि रूनुआड़ा 29
   - बोओरा: जागर रूनुआड़ा 30
   - कोनेआ: हानाटि 33
   - बोओरा: काजि रूनुआड़ा 34
   - कोनेआ बोओर बारानकिङआ: गोआरि 36
   - एंगाआ: गोआरि 37
   - सिंदुरि राकाब 39
   - बाबाआतागुम – सेनबिउर 40
4. आड़ान्दि दुराङको 48
5. संदर्भ सूची 54
6. लेखक परिचय 55

प्राक्कथन

इससे पहले प्रकाशित आदिधर्म : भारतीय आदिवासियों की धार्मिक आस्थाएँ – एक प्रारंभिक रूपरेखा में एक प्रस्ताव था कि हर आदिवासी समुदाय अपने स्तर पर आत्मावलोकन करे और इसी चेष्टा के बीच से आदिधरम का अखिल भारतीय स्वरूप निखरे। हमें खुशी है कि आदिवासियों के काई संस्कृतिक संगठनों का ध्यान इस ओर आकृष्ट हुआ है। इस बीच इस विचार ने एक अभियान का रूप ले लिया है और झारखण्ड क्षेत्र में सृजनशीलता की एक लहर दौड़ गई है। पिछले जनगणना के समय तो इस उत्साह की अति भी हो गई जब कुछ संस्थाओं ने यह नारा दे दिया कि 'सरना नहीं तो गणना नहीं'। फिर भी हमारा विश्वास है कि जनगणना के परिणाम आदिधरम को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने और जनगणना की धर्मसूची में एक कोड प्राप्त करने की दिशा में आश्चर्य रूप से उत्साहवर्द्धक होंगे।

इसी उत्साह ने हमें आदिधरम के कुछ पहलुओं को बारी–बारी से विशेष रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। प्रस्तुत पुस्तिका में हमने मुण्डा समुदाय में प्रयुक्त विवाह मंत्र का विस्तृत स्वरूप रखने की चेष्टा की है ताकि इस समुदाय में इसका प्रयोग एक पाठ के रूप में करने में सहूलियत हो सके किन्तु इसके वर्तमान स्वरूप में भी यह एक प्रस्तावित प्रारूप ही है – क्षेत्रीय विभिन्नताओं को ध्यान में रखते हुए लोगों को पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए कि परिस्थिति के अनुसार इसे पुनर्गठित कर सकें। हमारा विनम्र आग्रह इतना ही है कि मंत्र – पाठ के विस्तार में इस बात का ख्याल रखा जाए कि पूरा अनुष्ठान घंटा भर से अधिक समय न ले, क्योंकि आधुनिक परिवेश में इस तरह के कामों के लिए एक घंटे से अधिक समय देने में लोगों को कठिनाई होगी।

इस पुस्तिका को यथाशीघ्र तैयार करने की प्रेरणा हमें सर्वश्री पाण्डु मुण्डा, नरसिंह मुण्डा, भीम सिंह मुण्डा, प्रेमानंद सिंह मुण्डा और सेलाय मुण्डा से मिली है। इन लोगों की यह टीम मुण्डा क्षेत्र के जंगल–पहाड़ों में घूमती है और जनता की सांस्कृतिक नब्ज की स्थिति के अनुसार उपचार सुझाती है। इनका यह अभियान अनवरत निर्वाधित रूप से चलता रहे इसकी हम शुभकामना करते हैं। संध्या जी ने सदा की तरह इसकी भी पाण्डुलिपि तैयार करने में बड़े ही मनोयोग पूर्वक हाथ बटाया है। इस कष्टसाध्य कर्तव्यपालन के लिए शुभाशीर्वाद। अरिपन के श्री विश्वनाथ जी और सुकृत प्रेस के श्री अशोक पागल जी ने व्यक्तिगत रुचि लेकर जिस मुस्तैदी से पुस्तक को प्रकाशित किया है इसके लिए हम उनके प्रति विशेष आभारी हैं। सुहृद पाठकों से प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा में,

– लेखकद्वय

(अगस्त 2001, प्रथम संस्करण)

भूमिका

सृष्टि प्रक्रिया को कायम रखने और आगे बढ़ाने के लिए परमेश्वर ने सारी सृष्टि में विवाह की व्यवस्था की। प्राणियों के बीच तो हम यह बात देखते ही हैं, प्राणी–इतर अवयवों में भी इसका प्रतीक–विस्तार हुआ है। यथा जल वृष्टि के लिए सूर्य/आसमान के साथ धरती का विवाह। मनुष्यों में विवाह व्यवस्था इसी ईश्वरीय योजना का एक अंग है। आदिवासी समाज में सामान्यतया वयस्कता प्राप्त करने के बाद ही आदमी विवाहित जीवन में प्रवेश करता है, जब उसे घर द्वारा चलाने की पात्रता हासिल होती है। लड़के के लिए हल–जूआ बनाने आना और लड़की के लिए चटाई बिनने आना विवाह की सामान्य शर्त होती है। आवश्यक शर्तों में यह भी है कि लड़का–लड़की एक ही समुदाय किन्तु अलग–अलग गोत्र (वंश) के हों। लड़का–लड़की साधारणतः अपने परिचय के दायरे के ही होते हैं और एक–दूसरे की पसंद के होते हैं, किन्तु परिवार का समर्थन भी प्राप्त करना आवश्यक होता है।

इन दो व्यक्तियों/घरों/परिवारों को मिलाने की इस पूरी प्रक्रिया में मध्यस्थता करने वाले (अगुआ) की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण होती है। आरंभ से अंत तक इस आयोजन का सफल समापन बहुत हद तक इसी अगुआ के समन्वय–सामर्थ्य पर निर्भर करता है। विवाह के विभिन्न वैधिक/आनुष्ठानिक चरणों– लड़की देखने, लड़का देखने, वधूमूल्य–निर्धारण करने इत्यादि में शकुन/अपशकुन– विचार से लेकर व्यवधानों को दूर करने में उसकी भूमिका सर्वाधिक महत्व की होती है। अगुआ के नेतृत्व में जब दोनों पक्षों के लोग आश्वस्त हो जाते हैं कि प्रस्तावित विवाह–संबंध को आगे बढ़ाया जा सकता है तो उसकी नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाती है। इस प्रक्रिया के तीन मुख्य चरण होते हैं– लड़की (कन्या) देखना, लड़का (वर) देखना और विवाह।

लड़की (कन्या) देखना

अगुआ के साथ वरपक्ष के कुछ (5–7–9) जानकार/अनुभवी लोग जिनमें बिरादरी और कुटुम्ब के लोग होते हैं, तेल पूजन के बाद लड़की के घर जाते हैं। वहाँ पहुँचने पर स्वागत–सत्कार के बाद औपचारिक बातचीत शुरू होती है जिसे इस तरह प्रस्तुत किया जा सकता है :

कन्या पक्ष – प्रिय मेहमानो, ऐसे तो हमें हाटबाजार में और रास्ता चलते भेंट होने पर एक दूसरे के कुशल–मंगल का पता चल ही जाता है किन्तु आज आपलोगों का इस तरह अचानक लाठी–डंडा लेकर आ जाना हमें आश्चर्य में डाल रहा हैं। जरूर कोई प्रयोजन होगा। कृपया बताएँ।

वर पक्ष – नहीं, प्रिय मेहमानों, डरने जैसी कोई बात नहीं है। दरअसल हमलोग शिकार को निकले हुए हैं। इसी क्रम में जंगल में हमारे तीर से घायल एक हिरनी का पीछा करते–करते हम आपके गाँव तक आ गए हैं।

कन्या पक्ष – घायल हिरनी? (अपने लोगों की तरफ मुखातिब होकर) अरे सुनते हो भाई! घायल हिरनी कहते हैं। किसी ने देखा? जवाब मिलता है– नहीं हमने नहीं देखा। यहाँ कोई हिरन नहीं आया।

वर पक्ष – नहीं, यह कैसे हो सकता है! हमने तो उसे इधर ही भागते हुए देखा है।

कन्या पक्ष – अरे कोई जाकर देखो, हमारे गोहार में बकरियों के साथ घुस तो नहीं गई है।

एक आदमी गोहार देखने के नाम पर घर के अन्दर जाता है और थोड़ी देर के बाद भावी दुल्हिन को बीच में लिए हुए उसकी सहेलियाँ, जिनमें एकाध नाते में दादी लगने वाली औरतें भी होती हैं, एक कतार में निकलती हैं और पंक्ति में बैठे बिरादरी के लोगों और नए मेहमानों को बारी–बारी से जोहार करती हुई आगे बढ़ती हैं। इसी बीच लंगड़ाती चल रही प्रौढ़ स्त्री को इंगित कर हँसी–मजाक स्वीकार्य रिश्तावाले नए मेहमान परिहास की भाषा में कहते हैं– "हाँ, हाँ, वही! उसी को हमारा तीर लगा है, अब भी लंगड़ा रही है। ठहाकों के बीच कोई एक कहता है– अगर वही है तो उसे ठीक से चिह्नित करना चाहिए। रस्सी से बांधना चाहिए।"

इसी बीच सबको जोहार करने की औपचारिकता समाप्त होती है और भावी दुल्हिन और उसकी एक सहेली लोटे में पानी और साथ में थाली लिए मेहमानों के पैर धोने को आती है। वरपक्ष में से एक बुजुर्ग कहता है– "भाइयो, यही मौका है इस हिरनी को बांधने का। किधर है फलना, लड़के का मामा?" तदुपरान्त लड़के का मामा या उसका समकक्ष संबंधी अपना पैर धुलाता है और आशिर्वाद स्वरूप एक साड़ी लड़की को उढ़ाता हैं उसके बाद शेष सारे मेहमानों के पैर धोए जाते हैं। दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे को जोहार करते हैं। चूना–तम्बाकू से लेकर खान–पान होने तक एक दूसरे के साथ होते हैं। इसी बीच अगुआ की देख–रेख में वर देखने की तिथि निर्धारित होती है और उसी दिन फिर मिलने के निर्णय के साथ मेहमानों को विदा किया जाता है।

लड़का (वर) देखना

निर्धारित तिथि को लड़की देखने के समय की ही तरह तेल पूजन के उपरान्त लड़की दल अगुआ के नेतृत्व में लड़की के घर से सूर्योदय के पहले ही प्रस्थान करता है। लड़के का घर पहुँचने पर वहाँ उनका औपचारिक स्वागत होता है और बैठने को जगह देने के बाद जलपान दिया जाता है। जलपान के बाद चूना–तम्बाकू के बीच ही वरपक्ष की ओर से एक आदमी निवेदन करत है और आने का प्रयोजन पूछता है। लड़की वालों की ओर से जवाब करीब–करीब इस प्रकार होता है–

मेहमानों, हमारे इस तरह से अचानक आने का कारण है कि नदी के किनारे हमने कद्दू और कोंहड़े की खेती की है। इधर कुछ दिनों से हमने पाया कि एक अरना काड़ा अपने सींग से घेरा तोड़कर हमारे खेत में घुस रहा है और फसल चर जा रहा है। दौड़ाने पर वह इधर ही भाग जाता है। आज हम उसी के पंजों का पीछा करते हुए यहाँ तक पहुँच आए हैं।

वर पक्ष – "घेरा तोड़ने वाला अरना काड़ा?"

कन्या पक्ष – "हाँ, बड़े सींगों वाला ही होगा क्योंकि बगल के कुछ आड़–मेड़ों तक को उसने धसा दिया है।"

वर पक्ष – "अरे देखो कोई। हमारे काड़ाओं में से कोई ऐसा कर रहा है क्या?"

कन्या पक्ष – "हाँ, हाँ हम देखने पर अवश्य ही पहचान लेंगे।"

वर पक्ष – "(बिरादरी के लोगों की तरफ मुखातिब होकर) अरे जाओ, देखो, किस काड़े की ये बात कर रहे हैं।"

तदनन्तर गोहारघर देखने के नाम पर एक आदमी घर के अन्दर प्रवेश करता है और थोड़ी देर के बाद भावी दुल्हे को बीच में किए हुए उसके साथियों सहित बाहर निकलता है। साथ में एक–दो मजाकिया बुजुर्ग लोग भी होते हैं, पंक्ति में बैठे हुए ग्रामवासियों और मेहमानों को जोहार करते हुए आगे बढ़ते हैं। बाहर लाए हुए "काड़ाओं" में एक "बूढ़ा काड़ा" अपने सींग हिलाकर हड़बड़ाने का नाटक करता है। नवागन्तुक मेहमानों में से एक हो–हो करते हुए बोल उठता है– "हाँ, हाँ यही है।" इसी का काम है। दूसरा हामी भरता है– "हाँ, हाँ इसके सींगों को देखने से ऐसा ही लगता है।" इसी का काम है। दूसरा हामी भरता है– "हाँ, हाँ इसके सींगों को देखने से ऐसा ही लगता है।" इसी तरह ही हँसी ठहाकों के बीच जोहार की औपचारिकता समाप्त होती है और भावी दुल्हा अपने साथ साथी के साथ सबके बीच बैठ जाता है। "अगर यही वह काड़ा है तो उसे एक मजबूत रस्सी से बाँधना चाहिए।" कहते हुए लड़की का मामा या उसके समकक्ष का संबंधी लड़के को एक धोती उढ़ाता है। लड़का उठकर फिर एक बार कृतज्ञता–ज्ञापन के रूप में सबको जोहार करता है।

इसके बाद की प्रक्रिया "दर–दाम" करने की होती है। दोनों तरफ के लोग अलग–अलग बैठ जाते है और अगुआ प्रतीकों पर आधारित उनकी बातचीत को आगे बढ़ाता है। शाल की पत्तियों से "हल–बैल" और कचनार/आसन के बीजों से "रुपयों के प्रतिक बनाकर लड़की वालों की तरफ से वधूमूल्य के रूप में सामान्यतया एक जोड़ा बैल, कुछ कपड़ों और रुपयों का प्रस्ताव आता है। प्रस्ताव पाकर वरपक्ष "आनंदित" होने का नाटक करता है– "यह तो अत्यंत ही शुभ शकुन की बात है कि हमें ऐसे लोग नए मेहमानों के रूप में मिल रहे हैं जो ना केवल लड़की देंगे वरन् साथ में ये सारी चीजें भी देंगे।" वे

नए मेहमानों के "बड़पन" की प्रशंसा करते हुए एक मुद्रा घटाकर यह कहते हुए कि जब देना ही चाहते हैं तो नाम मात्र को एक रूपया स्वीकार करते हैं। शेष चीजें उधर ही काम में लाई जाएँ। प्रस्ताव की डलिया लड़की वालों की तरफ़ वापस जाती है प्रस्तावित सारी चीजें जैसी की तैसी वापस पाकर लड़की वालों की तरफ वापस जाती है। प्रस्तावित सारी चीजें जैसी की तैसी वापस पाकर लड़की वाले "आश्चर्य" प्रकट करते हैं— कैसे लोगों से पल्ला पड़ा। इतने कंजूस! हमारी बेटी का मूल्य मात्र एक रुपया आंकते हैं। और कुछ देना नहीं चाहते। वे अगुआ को "डाँट फटकार" कर फिर वापस करते हैं और लड़के वालों को समझाने के लिए कहते हैं। अगुआ लड़का वालों को बताता है कि लड़की वाले उतनी उतनी सारी चीजें "वधूमूल्य" के रूप में पाना चाहते हैं न कि लड़की के साथ देना। अगुआ उन्हें बताता है कि बेटी के चले जाने से जो क्षति होगी उसकी पूर्ति के रूप में यह मूल्य माँगा जा रहा है। इस तरह से आपसी संवाद की "गलतफहमियों" को दूर किया जाता है और अंततः वधूमूल्य कुछ रुपयों और कपड़ों के रूप में तय होता है। इसके बाद दोनों तरफ की सुविधाओं और परम्पराओं को देखते हुए विवाह का दिन तय करते हैं और उसके साथ यथायोग्य खान–पान के बाद नए मेहमानों को विदा किया जाता है।

लड़की देखने और लड़का देखने की दोनों यात्राओं में शकुन–दर्शनों पर ध्यान रखा जाता है। वैसे तो सारी यात्रा के दौरान देखी गई घटनाओं पर नजर रखा जाता है किन्तु दोनों गाँव की सीमाओं के भीतर देखी गई घटनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। शुभ–अशुभ संकेतों का संक्षिप्त ब्योरा नीचे दिया जाता है :–

शुभ संकेत

- गाय का बछड़े को दूध पिलाना।
- किसी स्त्री द्वारा पानी भरा घड़ा सिर पर लिए चलना
- किसी खूंखार जंगली (बाघ, साँप) जानवर का रास्ता बिना काटे अपने ही रास्ते में चलते जाना।
- चिड़ियों का मिलन– कलरव।

अशुभ संकेत

- गाय से बिछुड़े बछड़े की आवाज।
- किसी स्त्री द्वारा खाली घड़ा सिर/कमर पर लिए चलना।
- किसी खूंखार जानवर द्वारा रास्ता रोकना या अपने शिकार को धर दबोचना।
- किसी के द्वारा पेड़ काटे जाने की आवाज।

दोनों पक्षों द्वारा देखे गए शकुन–अपशकुनों पर गणना विचार "वधूमूल्य निर्धारण" के पहले ही होता है। शुभ शकुनों पर खुशी का इजहार किया जाता है और अपशकुनों पर उभयपक्षों की सकरात्मक दृष्टि होने पर शकुन–अपशकुन विश्लेषण भी सकारात्मकता की ओर निर्दिष्ट होते हैं। किन्तु अत्यंत ही भयावह संकेतों द्वारा अपशकुन दर्शन होने पर संबंध वार्ता टूट भी सकती है। यथा सामान्य स्थितियों में किसी पेड़ की डाली का अचानक टूट जाना या किसी बड़े जानवर (हाथी, बाघ, साँप) द्वारा रास्ता रोकना या अपने शिकार को धर दबोचना, इत्यादि।

विवाह की तैयारी में नियत तिथि के एक महीना पहले से दोनों पक्षों की ओर से निमंत्रण– संदेश अपने संबंधियों को भेजे जोते हैं। हल्दी में रंगे चावल के दाने सुपारी के साथ शालपत्र में दिए जाते हैं। निमंत्रण– संदेश में मण्डपाच्छादन, हल्दी–तेल, बारात प्रस्तान/आगमन एवं विवाह की तिथियों सम्मिलित होती हैं।

तैयारी

मण्डापच्छादन

निश्चित तिथि को सुबह गाँव के पुरूष नजदीक के जंगल से शाल की डालियाँ ले आते हैं और विवाह मण्डप छाते हैं। मण्डप में पूजास्थल (विवाह–वेदी) के चार खूँटे वर–कन्या के बहनोई द्वारा गाड़े जाते हैं। वही वेदी के बीच के खूँटे से लगाकर महुआ, बाँस, भेलवा और ओतरों की लताएँ (सभी दीर्घजीवन, समृद्धि और शुचिता के प्रतीक) बाँधता है। वेदी का निर्माण एवं अल्पना द्वारा उसकी सजावट दो कुमारी लड़कियों द्वारा सम्पन्न होता है। मण्डपाच्छादन का काम पूरा होने पर इस काम में लगे सभी को हँड़िया पीने को दी जाती है।

हल्दी तेल

विवाह–वेदी को सजाने वाली लड़कियाँ वर/कन्या को तेलमिश्रित हल्दी लगाती हैं और आनेवाले शुभ अवसर के लिए उसे मानसिक रूप से स्थिर करती हैं। "स्थिर" इसलिए कि इसके बाद वर/कन्या को घर से बाहर निकलने की मनाही होती है। अगर वह निकलता/ निकलती भी है तो कोई न कोई साथ होता है।

आड़ान्दि बोंगा

(बोओर–ओड़ाःरे : कोनेआ आगु सेनोः सिदा माण्डोआ बोंगा–

बोओर साः रेनको कोनेआ आउको साम्पोड़ोआकाना। एन सिदारे बोओराः सासाङ सुनुम होबा चुकाओआकाना। माण्डोआतम बोओंगा साम्पोड़ोको–

बारिआ चुकाःकिनरे बाबा, दिआ, सेंगेल, आदोआ चाउलि, बेरेल सासाङ, गोलांचि बा, आदोआ सुताम, सिंदुरि, सिङबोंगा नांगेन आता–ताबेन, बुरु बोंगा नांगेन, उसना चाउलि, इकिर बोंगा नांगेन दाः–उलि साकाम मोड़ें चोम्पा।

बोओर बाबू माण्डोआरेः दुबाकाना। पांआड़ा उलिसाकाम चोम्पाते दाः हिरचि लेआते बोंगाको आर दुबाकान होड़ोकोएः 'रेआड़ा जादकोआ'। दिआएः जुलजादा। बोंगाको नावा लिजाः (आदोआ सुताम) एः ओमाकोताना।

विवाह मंत्र

वर के घर पर : कन्या लाने के लिए निकलने से पहले मण्डप पूजा।

(वर पक्ष के लोग कन्या लाने के लिए जाने को तैयार हैं। इसके पहले वर का हल्दी–तेल हो चुका है। मण्डप में पूजा सामग्री–

दो चुक्कड़ों में धान, ऊरद, दीया, आग, अरवा चावल, अक्षत, कच्चा हल्दी, गोलांचि फूल, कच्चा धागा, सिंदूर, सिङ.बोंगा के लिए मुडि–चुड़ा, बुरु बोंगा के लिए उसना चावल, इकिर बोंगा के लिए पानी–आम की पत्तियां आदि रखी हुई हैं।

वर बाबू मण्डप में बैठा हुआ है। पाहन आम की पत्तियासें से पानी छिड़क कर देवताओं और बैठे हुए लोगों को 'स्नान' कराता है। दीप जलाता है। देवताओं को 'नए वस्त्र' (कच्चा धागा) देता है। उनका श्रृंगार

सिंगार जादकोआए:– बोंगाको नागेन आपिआ आर ओड़ा: बोंगाको हाड़ाम होड़ोको नागेन मोंड़ेआ टिकाते। बोंगा टायादरे सुगाड़ा सोआन पेरेगाकानो: का मेनते धुनाए: रापा: जादा। बोंगा एटेगो: ताना।)

करता है– देवताओं के लिए तीन और पुर्खों के लिए पाँच लकीरें खींचता है। पूजा स्थल सुगंधित हो इसलिए वह धुवन जलाता है। पूजा आरंभ होती है।)

सोबेन बोंगाको रा:होपोर–

हे सिरमारेन सिङबोंगा
ओतेरेन ओते एंगा
तोआ लेका तुरो:किन
दहि लेका हासुरो:किन।
आबेनगे मुनु रेनकिन
आबेनगे टुण्डु रेनकिन
आबेनगे सुबा रेनकिन
आबेनगे चुटि रेनकिन।।

जोनोमाते हानसा: रेनकिन
गोनोए:आते पारोमरेनकिन
जूग जूग जीदो:किन
जानाओ जानाओ ताइनो:किन।
होयोरे जी ओओमकिन
दा:रे मायोम सीरजाओकिन
सिरमारे गुयु तूरुबकिन
ओतेरे हिता पारचाओकिन।।

आले आबेना: होनको नागेन
आले आबेना: गांड़ाको नागेन
दा: बितार उकुआकान
जालाकार बितार दानाङाकान।
हाइ दुताम, काड़ाकोम दुताम

सर्वदेवता संबोधान–

हे स्वर्ग के परमेश्वर
पृथ्वी की धरती माँ
दूध–सा उगने वाले
दही–सा डूबनेवाले।
तुमही आदि के हो
तुमही अन्त के हो
तुमही मूल के हो
तुमही चोटी के हो।।

जन्म से उस पार के हो
मृत्यु से उस पार के हो
युग–युग जीवन्त
सदा से स्थापित।
हवा में प्राण देने वाले
पानी में खून से सृजनहार
आकाश में घर बनाने वाले
धरती में बीज बोने वाले।।

अपनी संतान के लिए
अपनी अवलाद के लिए
पानी के नीचे छिपी (धरती)
समुंदर के नीचे दबी (पृथ्वी)।
मछली के दूत बना, केकड़े को दूत बना

होरो दुताम, लेण्डाद दुताम	कछुआ को दूत बना, केंचुआ को दूत बना
ओतेबेन बाइकेदा	तुमने उस (पृथ्वी) का निर्माण किया
धरतीबेन बाडुइकेदा।।	तुमने उस (धरती) का सृजन किया।।
सिंगी तुरोः, चाण्डुः मुलुः	पूर्व दिशा, पश्चिम दिशा
काटा जाम्बाड़ा, बाओ कुन्दुड़ि	उत्तर दिशा, दक्षिण दिशा
आबेनाः कोयोङरे, आबेनाः सिपिङरे	तुम्हारी गोदी में, तुम्हारी अंजलि में
आबेनाःगे सिरजान, आबेनाःगे उपुजान।	तुम्हार ही सृजन, तुम्हारी ही उत्पत्ति।
जिलिमिलि ओते	झिलमिलाती धरती
लिबिलिबि सिरमा	लिबलिबाता आसमान
पाटि लेका बिलाकाना	चटाई की तरह बिछी हुई
डुबा लेका हारुबाकाना।।	डूभा की तरह औंधा हुआ।।
ओते चेतान टुण्डाङतानिः	जमीन पर रेंगने वाले को
लाता बितार उगुराकानिः	खोह में छिपे हुए को
होयोरे आपिर ओटाङतानिः	हवा में उड़ने वाले को
दाः बितार ओयारतानिः।	पानी में तैरने वाले को।
जोम नू ओओमकिन	दाना–पानी देने वाले
दाः तासाद हाआटिंकिन	घास–पानी देने वाले
ऊमबुलकिन, चाआतोमकिन	छाया देने वाले, छतरी देने वाले
होओरोकिन, जाआंगिकिन।।	रखवाली करने वाले, सुरक्षा देने वाले।।
तारा निदा, तारा सिंगि	आधा समय रात, आधा समय दिन
सेताः सिंगाड़ा, तिकिन तारासिङ	सुबह, शाम, दोपहार, अपराह्न
कामि सोमाए तोओलकिन	काम का समय बांधने वाले
रुडुन सोमाए ठाआराओकिन।	आराम का समय ठहराने वाले।
सिंगि–चाण्डुः, इपिल रिम्बिल	सूरज–चाँद, तारे–आसमान
रोकोम हिता, रेएद–रानु	विभिन्न बीज, जड़ी–बूटियाँ
आनाः मानाः जो सिबिल	किस्म–किस्म के स्वादिष्ट फल
दिरि–दारु, तासाद रूड़ाः।।	पत्थर–पेड़, घास–फूस।।

साब दाड़िनबेन ताबु
जापाः दाड़िनबेन ताबु
सीबेन, चालुइबेन
रुड्डुङेबेन, सेटेःएबेन।।

नी ताबेन उरिः एंगा
हिनि ताबेन मेरोम एंगा
नी नेरे बाबा एंगा
हिनिः एनरे कोदे एंगा।
जीदान होरो गोओड़ोमको
तोआ माण्डि ओओमको
लेलकोबेन, हिराकोबेन
जोगाओकोबेन, जोतोनकोबेन।।

कुरुमुटु कामिबेन
बालबालदाः जोरोएबेन
हेर चाटाः, बिद चाटाः
नामेआबेन हाटाः हाटाः।
दाः लेका बिड़िसिरोगा
गितिल लेका ताकिदोगा
टुंकिरे, सेएलरे
पोटोमरे, चाटाकारे।।

मेद पेरेःबेन लेलेआ
लाइ पेरेःबेन जोमेआ
मेनतेबेन काजिकेदा
मेनतेबेन बांकाड़ाकेदा।
जू मानोआ होनकिन
जू मानोआ गांड़ाकिन
मांदुकाम बा लेकागे
कुइडि जो लेकागे।।

इसे तुम ठीक से पकड़ो
इसे तुम ठीक से जकड़ो
जोतो तुम, कोड़ो तुम
कुटो तुम, छाँटो तुम।।

यह रही गौ माता
यह रही बकरी माता
यह यहाँ धान माता
यह यहाँ कोदो माता।
यही जीवन के रक्षक
यही दूध–भात देने वाले
इन्हें तुम देखो, निहारो
इन्हें तुम जुगाओ, जतन से रखो।।

मेहनत करो
पसीना बहाओ
बुनो, रोपो
भरपूर पाओ।
पानी की तरह थमे
बालू की तरह थमे
टोकरी में, ओखली में
मेरे में डिमनी में।।

आँख भर कर देखोगे
भरपेट खाओगे
यही तुमने उनसे कहा
यही तुमने उन्हें बताया।
जाओ मानव संतान
जोओ मानव संतति
महूआ के फूल की तरह
डोरी के फूल की तरह।।

सिरजाओआकादलेआबेन
उपुजानाकादलेआबेन
सोतोःआकादलेआबेन
सांगोमाकादलेआबेन।
गुडुलु, सारजोम, माद, मांदुकाम
बाड़े, सेकेरेः, कादाला, काराम
सोसोदारु सुबा सानामाङ
अखंड बिर–बुरु दानाङ।।

तुमने हमारे लिए बनाए
तुमने हमारे लिए उपजाए
तुमने हमारे लिए जुगाए
तुमने हमारे लिए संजोए।
गोंदली, सखुआ, बाँस, महुआ
बड़, सेकरे, केला, करम
भेलवा पेड़ के नीचे
अखंड वन–पहाड़ के बीच।।

लुटुकुम हाड़ाम लुटुकुम बुड़िआ
एनेटेः कुलगिआकिन
आलेआः सिदा पुरखाकिन
आलेआः जाओ हाड़ामकिन।
डुमाङ हासाते, आंजिलि दाःते
होड़ोमो हुमुते, मोलोङबालबालते
बाइकेदकिनाबेन
बाडुइकेदकिनाबेन।।

लुटकुम बूढ़ा, लुटकुम बुढ़िया
प्रारंभ के पति–पत्नी
हमारे बूढ़े–पुरखों को
हमारे आदि पूर्वजों को।
मिट्टी के ढेले से, अंजलि पानी से
शरीर के मैल से, माथे के पसीने से
तुमने उन्हें बनाया
तुमने उन्हें गढ़ा।।

चुकाः बांडा दाःते
उलि साकाम चोम्पाते
हिरचिकेदकिनाबेन
तिरपिकेदकिनाबेन।
एन हासा होड़ोमोरे
एन रोओड़ो मुटुरे
जीबेन ओमकेदा
सायादबेन आदेरकेदा।।

कलश के पानी से
आम पत्तियों के गुच्छे से
तुमने उन्हें झिमकाया
तुमने उन्हें छिड़काया।
उस मिट्टी के शरीर में
उस सूखी लकड़ी में
तुमने जीवन डाला
तुमने प्राण फूँके।।

मानोआ होन, मानोआ गांड़ा
जू ताञ दुलाड़ाकिन
नेः ताबेन काड़ाबा डांडि
हेनेः ताबेन सेएल कुटि।

हे मानव संतति, हे मानव संतान
जाओ मेरे प्यारे, जाओ मेरे [illegible]लारे
यह रही हल की मूठ
यह रहा ओखल स्थल।

ने .... हातु सिमानरेन
माराङ बुरु, हुड़िङ बुरु
माराङ इकिर, हुड़िङ इकिर
मांडा बुरु, देसाउलि।।

इस .... गाँव की सीमा के
बड़े पहाड़, छोटे पहाड़
बड़े जलाशय, छोटे जलाशय
माड़ा पहाड़, देसाउलि देव।।

नागे एरा, बिन्दि एरा
चांडि एरा, जायार एरा
तोरो कोड़ा, चोड़ेआकोड़ा
बिर माआरा, जोटो माआरा।
एएआ गाड़ा पारोमरेनको
आरेआ बुरु दानाङरेनको
राः का तेबाःजानको
नुतुम का टोःजानको।।

नाग देवी, बिन्दी देवी
चंडी देवी, जाहेर देवी
तोरो कोड़ा, चोड़ेया छोरा
वन महरा, जोटो महरा।
सात नदियों के उस पार के
आठ पहाड़ों के उस पार के
जिन्हें हम बुला नहीं पा रहे हैं
जिन्हें हम न्योत नहीं पा रहे हैं।।

हुड़िङ जी आलोपे ताइना
हांड़ा जी आलोपे ताइना
सोबेनगेले जोआरआपेताना
जोतोगेले गोआरिपेताना।
कोदे होलोङ कोंडाताला
बाबा होलोङ माण्डोआताला
पिताल पुडुः, रांगा चारिः
जिलिबजिलिब दिया सेंगेल।।

तुम हृदय छोटा ना करो
तुम मन में नाराज न रहो
हम सबको जोहार करते हैं
हम सबको गुहार करते हैं।
महुआ—आटे के घेरे में
चावल—आटे के मण्डप में
पीतल का दोना, रंगीन तिल्ली
झिलमिल करती दीया—बत्ती।।

दोआकाना, दोड़ोमाकाना
सोना दाः, रुपा धुना
हिरचि दारोमतानाले
आतार दारोमतानाले।
सेन दुताम, कुपुल होरा
सेन दाराड़ा, हागा डारे
हाराकान कोड़ाहोन ....
माताकान कुड़िहोन ....।।

रखा हुआ, धरा हुआ
सोना—पानी, रूपा धुवन
स्वागत में छिड़कते हैं
अगुआई में जला रहे।
खोज—खबर, संबंध—मार्ग
पूछ—ताछ, बंधु—डगर
बढ़ा हुआ लड़का ....
बढ़ी हुई लड़की ....।।

पाआःगे पोओःगे	फूलो, फलो तुम
पोआओःबेन, पोसाओःबेन	पलो, बढ़ो तुम
लेपालाड़ी बाड़ेलेका	विस्तृत वट–वृक्ष की तरह
गोटा दिसुम दालोबेबेन।	सारी पृथ्वी पर छा जाओ।
हेर पुना, रोआ पुना	प्रथम बोआई, प्रथम रोपनी
एन पुना, जोम नावा	प्रथम दंवनी, नवा खानी
बा–बाताउलिरे	सरहुल, बुरू, बाताउलि के दिन
आड़ान्दिरे, कोड़ान्दिरे।।	विवाह में, शादि में।।
ने सारजोम सुबारे	इस साल वृक्ष के नीचे
दिआ सेंगेल सामाङरे	दीआ और अग्नि के समक्ष
जोआरबेन, गोआरिबेन	तुम जोहार करो, गुहार करो–
मेनतेबेन काजिकेदा।	इस तरह तुमने उन्हें कहा।
आबेनाः उदुब होराते	तुम्हारे बताये रास्ते पर
आबेनाः चुण्डुल डारेते	तुम्हारे इंगित मार्ग पर
तिसिङ ने .... हातु रे	आज इस .... गाँव में
.... ताकोआः राचा रे।।	आज .... के आंगन में ।।
जिलिमिलि माण्डोआरे	झिलमिल करते मण्डप में
उम्बुलान जाम्बाडा लातारे	छायादार छादन के नीचे
मोंड़े हागा तालारे	पाँच भाइओं के बीच
कुपुल गंगा जापाःरे।	कुटुम्ब–बंधुओं के समक्ष।
जोतोगे जोम्बोर–जुडि	हम सभी मिलजुलकर
तीरे ती सांगोमकेआते	हम सभी हाथ जोड़कर
काटा सुबा तिरुबकेआते	तुम्हारे पैरों पर झुके हुए
जोआरतानाले, गोआरितानाले।।	तुम्हें जोहार करते हैं, गुहार करते हैं।।
ने तुड़ि सुतामते	इस सुत के धागे से
ने बादि बायारते	इस बंधन रस्सी से
नोसोर हाड़ागुकोःबेन	पास उतर आओ
होपोरजापाःकोःबेन।	नजदीक खिसक आओ।

आलेआः सेन होरा रे	हमारे जाने के रास्ते में
आलेआः सेन डारे रे	हमारे चलने की डगर में
लाइः हासु आलोका ताइन	कोई पेट दर्द न हो
बोओः हासु आलोका ताइन।।	कोई सिर दर्द न हो।।
रुआ राबाङ आलोका ताइन	कोई ज्वर–जाड़ा न रहे
उला–झाड़ा आलोका ताइन	कोई कै–दस्त न रहे
हुआङ–चोगा आलोका ताइन	कोई गड्ढा–खोंचा न रहे
तोद–तुगुड़ि आलोका ताइन।	कोई ठेस–ठोकर न रहे।
लांदातान, जागारतानगे	हँसते–बतियाते ही
सुसुनतान, दुराङतानगे	नाचते गाते ही
सेन तेबाः नामेकाले	हम वहाँ पहुँच पाएँ
सेटेर तिउः नामेकाले।।	हम वहाँ जा पाएँ।।
.... सिमान बुरु बोंगा	.... गाँव के पहाड़ी देवता
माराङ इकिर, हुड़िङ इकिर	बड़ा जलाशय, छोटा जलाशय,
नागे एरा, बिन्दि एरा	नाग देवी, बिन्दी देवी,
चांडि एरा, जायार एरा।	चंडी देवी, जाहेर देवी।
कुपुलते, कुटुमते	बंधुओं के साथ, कुटुम्बों के साथ
पाउनिते, पारजाते	आश्रितों के साथ, प्रजाओं के साथ
लेलदारोग लेकाको	लोग हमारा स्वागत करें
आतेनदारोम लेकाको।।	लोग हमारी अगुआई करें।।
माराङ हानार, हुड़िङ हानार	बड़ी सास, छोटी सास
लान्दातान, जागारतानगे	हँसते हुए, बतियाते हुए
हिरचि दारोमलेकाको	पानी छिड़क कर अगुआई करें
आबुङ दारोमलेकाको।	पैर धोकर स्वागत करें।
चोः दारोमलेकाको	चूमकर स्वागत करें
चुमान दारोमलेकाको	चुमावन कर स्वागत करें
हेबे दारोमलेकाको	गोद लेकर स्वागत करें
हातार दारोमलेकाको।।	गले लगाकर स्वागत करें।।

जीदान जुड़ि जुड़िरे
इनकिन कुलगिआ बाआइरे
मोद तोआब साउड़िते
बारिआ ओड़ाः दाआबरे।
ने कुपुल जोड़ाओरे
ने कुटुम जानापाःरे
मिद गाण्डु मिद पान्ति
इनकिन दुबरे, जारुरे।।

उनकी जोड़ी जोड़ने में
उन्हें दम्पत्ति बनाने में
एक मुट्ठी खेर से
दो घर छाने में।
इस संबंध को जोड़ने में
इस कुटुम्ब को बांधने में
एक पीढ़े में, एक पान्ति में
इन्हें बैठाने में, इन्हें जुटाने में।।

का बुगिनाः मेनाः रेदो
का नापाएआः मेनाःरेदो
कुःते, चा हाचुःते
जेता रोकोम साड़ाते।
लेलेआःले लेलेका
आयुमेआःले आयुमेका
मेनतेले गोआरिकेना
मेनतेले बिनतीकेना।।

अगर कुछ भी अशुभ हो
अगर कुछ भी अपशकुन हो
खांसकर या छींककर
किसी प्रकार की आवाज से।
द्रष्टव्य हम देखें
श्रव्य हम सुनें–
इस तरह हमने प्रर्थना की थी
इस तरह हमने विनती की थी।।

आलेआः सेन होरा रे
आलेआः सेन डारे रे
सोबेनाः बुगिनगे
जोतोगे नापाएगे।
दिन मुडि तेबाः जाना
बोछोर नेण्डा सेटेरजाना
मोड़े हागा इदिकेकोआते
कुपुल गंगा गारकाकेकोआते।।

हमारे चलने के रास्ते में
हमारे निकलने की डगर पर
सब कुछ शुभ रहा
सब कुछ सफल रहा।
निर्धारित दिन पहुँच गया है
सुनिश्चिय घड़ी आ गयी है
पाँच भाइयों को लेकर
कुटुम्ब–बंधु को साथ कर ।।

जूग–जूग जीदान जुड़ि
सेले बोले नावा किमिन
सुतुः आउले सेनोःताना
गोंगोर आउले बिरिदताना।

युग–युग की जीवन जोड़ी
नवयुवती, नई बहू
ले आने हम जा रहे हैं
साथ लाने हम जा रहे हैं।

(कोनेआः एंगा–आपुकिन बोओर बाबुकिन दुब तालाताःइया। कोनेआः आपु बोओराः जोमसाःरे)

(कन्या के माता–पिता वर बाबू को बीच में बैठाए हुए हैं। कन्या का पिता वर ही दाहिनी ओर।)

हे सिरमारेन सिङबोंगा
ओतेरेन ओतेएंगा
आबेनाः उम्बुल लाताररे
आबेनाः कोयोङ चेतानरे।
.... सिमान, ... सिमान
सिंगितुरोः चाण्डुः मुलुः
काटा जाम्बाड़ा, बोओः कुन्दुड़ि
जेएगे बोंगा मेनाःपेआ।।

हे स्वर्ग के परमेश्वर
पृथ्वी की धरती माँ
तुम्हारी छाया तले
तुम्हारी गोदी के ऊपर।
.................., गाँव की सीमा के
पूरब दिशा, पश्चिम दिशा,
उत्तर दिशा, दक्षिण दिशा
जो भी देवता रहते हैं।।

बुरु बोंगा, इकिर बोंगा
मांडा बुरु, देसाउलि
बा जायार, जिलु जायार
चाण्डि एरा, नागे एरा।
सामामोचा, सामालाइः
सेंगेल सानामाङ, दाः सानामाङ
जोआर तानाले, गोआरितानाले
आयुमलेपे, आतेनलेपे।।

पहाड़ी देवता, जल देवता,
मांडा पहाड़, देसाउली देव
सरहुल जाहेर, शिकार जाहेर
चंडी देवी, नाग देवी।
खाली, मुंह, खाली पेट
अग्नि के समक्ष, जल के समक्ष
हम जोहार करते हैं, हम गुहार करते हैं
हमारी बात सुनो, हमारी बात गुनो।।

तिसिङ आबु हातु बिताररे
तिसिङ आबु ओड़ाः राचारे
नावा होड़ो, नावा सेपेड़ेद
दुबाकानाएः, जारुआकानाए।
मोड़े हागा इदिकेआते
कुपुल गंगा सुतुःकेआते
लोगोनेः ओमलेना
दिन नेण्डाएः तोललेना।।

आज हमारे गाँव में
आज हमारे घर–आँगन में
नया आदमी, एक नौजवान
बैठा हुआ है, आगत है।
पाँच भाइयों को लाकर
कुटुम्ब–बंधुओं को साथ कर
उसे लगन दिया गया था
उसे समय दिया गया था।।

सिङबोंगा उम्बुलरे	परमेश्वर की छाया में
ओते एंगाआः कोयोङरे	धरती माँ की गोद में
मोंड़े हागा सानामाङरे	पाँच भाइयों के समक्ष
कुपुल गंगा जानापाःरे।	कुटुंब–बंधुओं के समक्ष।
ने आड़ान्दि नेएगताले	विवाह का यह अनुश्ठान
ने कोड़ान्दि नेएगताले	शादी का यह दस्तूर
बुगिगे पारोमोःका	अच्छी तरह बीते
सुगाड़ागे सांगोमोःका।।	शुभ सम्पन्न हो।।
एदकान काजि रेएदरे	बुरी बात जड़ में
काबुगिन काजि बुटारे	अशुभ बात मूल में
हादते हादोःका	जड़ के कट जाए
तुदते तुदोःका।	समूल उखड़ जाए।
आले तालाते हिसिंगा–चेण्टा	हमारे बीच से ईर्ष्या द्वेष
आले तालाते हिलाङ–हेन्दो	हमारे बीच से घृणा भाव
आतुगिड़ि बुआल गिड़िओःका	बहकर चला जाए
ओटाङगिड़ि–दोपालगिड़िओःका।।	उड़कर चला जाए।।
जोआर! जोआर! जोआर! (बा दोड़ोम)	जोहार! जोहार! जेहार! (पुष्प दान)
(माण्डोआ बोंगा तायोमते बोओर उलि साकि जोमेः सेनोःताना आर एनतेआतेगे कोनेआः हातुते उडुङोःताना)	(मण्डप पूजा क बाद दुल्हा 'आम्र साक्षी' के लिए जाता है और उधर ही से कन्या के गाँव जाने के लिए निकल जाता है।)

कोनेआः ओड़ाःरे बोओर दारोम — कन्या के घर वर का स्वागत

मांडोआ सामपोड़ो को सिदालेकागे, पुडु रे रोला, लुपुङ, कसइलि, मोड़े टाका, सासाङ चाउलि	पूजा सामग्री पहले की तरह, इसके अतिरिक्त, हर्रे, बहेड़ा, कसैली, पांच रुपया, हल्दी चावल

ओड़ाः जुड़ि ओड़ाः मेनते एंगा जुड़ि एंगा मेनते आपु जुड़ि आपु मेनते।।	घर की जोड़ी घर माँ की जोड़ी माँ बाप की जोड़ी बाप।।
हागा जुड़ि हागा मेनते कुपुल जुड़ि कुपुल मेनते आकिनोः जुड़ि, आबुओः जुड़ि कोतेम लेलेआ एनतेगे जुड़ि। उलि किरिआलिङ किरिआकाना सासाङ सुतामलिङ तोलाकाना ने नेएग आउरि पारोमोः जाकेद ने आड़ान्दि आउरि सांगोमोः जाकेद।।	भाई की जोड़ी भाई कुटुम्ब की जोड़ी कुटुम्ब उसकी भी जोड़ी, हमारी भी जोड़ी जिधर देखो जोड़ी ही जोड़ी। हम आम की कसम खाए हुए हैं हम हल्दी का धागा बांधे हुए हैं जब तक यह नेग समाप्त नहीं होता जब तक यह विवाह सम्पन्न नहीं होता।।
माण्डि उतु कालिङ जोओमा बासि दाः कालिङ नूइआ कालिङ दुब हापेआकानोःआ कालिङ दुडुम हापेआकानोःआ।।	हम खाना नहीं खाएंगे हम पानी नहीं पीएंगे हम चुप नहीं रहेंगे हम सोए नहीं रहेंगे।।
जोआर! जोआर! जोआर!(बा दोड़ोम)	जोहार! जोहार! जोहार! (पुष्प दान)

कोनेआ उडुङ — कन्या को बाहर ले आना

(कोनेआ माण्डोआरेः डुङओःताना। दाः हिपिरचि। बा बापादाला। कुड़िहोन कोड़ाहोन जोम साःरे दुबोःताना। कोनेआः एंगा–आपुकिङ बा दोड़ोम नांगेन बाकिङ ओमोःताना।)	(कन्या मण्डप में लायी जाती है। पानी छिड़ककर परस्पर स्वागत। माला आदान–प्रदान। कन्या वर की बाईं ओर बैठायी जाती है। कन्या के माता–पिता को पुश्पांजलि के लिए फूल दिए जाते हैं।)
हे सिरमारेन सिङबोंगा ओतेरेन ओते एंगा	हे स्वर्ग के परमेश्वर पृथ्वी की धरती माँ

एन हुलाङ एन दिपलाङ
हागा तालारे, कुपुल जापाःरे
उलिदाःते, बेःदाःते
ने मोचा जागारते।
जीदान जुड़िलिङ ओमामेआ
होनकुड़िलिङ जिमामेआ
मेनतेलिङ हारातिङाकाना
मेनतेलिङ हुमानिङाकाना।।

उस समय, उस दिन
भाइयों के बीच, कुटुम्बों के बीच
लार पानी से, जीभ पानी से
इस मुँह की जुबान से।
जीवन–जोड़ी देंगे–ऐसा कहकर
अपनी बेटी सौंपेगे–ऐसा कहकर
भाइयों, हम हारे हुए हैं
भाइयो, हम हीन हुए हैं।।

एना मेन्ते तिसिङदो
एना नांगेन तिसिङदो
मोड़ेहागा सोंगे रे
कुपुलगंगा साते रे।
काजि ओमलेन एन होड़ो
जबान चेदलेन एन परजा
तेबागाकानाएः माण्डोआ ताला
सेटेराकानाएः जामाड़ा लातार।।

इसलिए आज तो
अतएव आज तो
पाँच भाइयों के संग
कुटुम्ब–बंधुओं के साथ।
बात दिया हुआ वह आदमी
जबान दिया हुआ वह प्रजा
पहुँचा हुआ है मण्डप के बीच
आया हुआ है, छादन के नीचे।।

हेला ने नावा सेपेड़ेद दो
हेला ने नावा होड़ो दो
होड़ोको आगुकेआते हिजुःआकाना
परजाको आगुकेआते सेटेराकाना।
बाबा एंगा, कोदे एंगा
उरिः एंगा, मेरोम एंगा
सोबेनेः इदिकोआचि
जोतोएः सुतुःकोआचि।।

भाइयो, यह नौजवान
भाइयो, यह नया आदमी
भाइयों को लेकर आया हुआ है
प्रजा को लेकर पहुँचा हुआ है।
धान माँ, मडुआ माँ
गौ माता, बकरी माँ
क्या वह सबको ले आएगा?
क्या वह सबको अगवाएगा?

बोरो चि बोरसा चि
कुम्बुडु चि जुम्बुड़ि चि
मेनते काबु उडुःइया
मेनते काबु ओनमानेआ।
हातु जुड़ि हातु मेनते

भय की बात, या भरोसे की बात
चोरी की बात, या लोभ की बात
ऐसा हम न सोचें
ऐसा हम न विचारें।
गाँव की जोड़ी गाँव

नेएगे आउरि पारोमो:ते नेएगे आउरि सांगोमो:ते।।	नेग जब तक पार नहीं होता अनुष्ठान जब तक सम्पन्न नहीं होता।।
मांडिओ कालिङ जोमेआ दा:ओ कालिङ नूइआ कालिङ दुब हापेना कालिङ दुडुम हापेना।।	हम खाना नहीं नहीं खाएंगे हम पानी नहीं पिएंगे हम थीर नहीं रहेंगे हम सोए नहीं रहेंगे।।
जोआर! जोआर! जोआर! (बा दोड़ोम)	जोहार! जोहार! जोहार! (पुष्प दान)

बोओरा: कानाजि	**वर का कथन**
(बोओरा: कानाजि कोनेआ नांगेन। चिना: मेनते हिजु:आकाना मेनेआ:। बोओर बाए: ओमो: ताना।)	(वर का कथन कन्या के लिए। वह क्यों आया है उसका खुलासा। वर को पुष्पांजलि के लिए फूल दिया जाता है।)
आञ दो .... हातुरेनि: इसु सांगिन दिसुम रेनि: एंगा किरिआ जोम केआते उलि साकि जोम केआते। मोड़े हागा आगुकेआते कुपुल गंगा गारकाकेआते सिङबोंगा गोआरिकि:आते बुरु बोंगा जोआरकि:आते।।	मैं हूँ ...., गाँव का बहुत दूर देष का माँ की कसम खाकर आम को साक्षी बनाकर। पाँच भाइयों को लेकर कुटुम्ब–बंधुओं को साथ कर परमेष्वर को गुहार कर पहाड़ी देवता को जोहार कर।।
दांडा दुताभ, सेन होरा कुपुल कुलि–कुलिकेआते तेबा:तादाञ आपे ओड़ा: सेटेराकानाञ आपे राचा। सामामोचा सामा लाइ:	खोज–खबर चलने के रास्ते कुटुम्बों के पूछते–पूछते मैं पहुँचा हूँ आपके घर मैं आया हूँ आपके आँगन। खाली मुँह, खाली पेट

बुरु बोंगा, इकिर बोंगा	पहाड़ी देव, दह देव
नागे एरा, बिन्दि एरा।	नाग देवी, बिन्दी देवी।
चांडि एरा, जायार एरा	चण्डी देवी, जाहेर देवी
सीमानरेन सीमान बोंगाको	सीमान के सीमा देवता
हातुरेन हातु बोंगाको	गाँव के ग्राम देवता
ओड़ाःरेन ओड़ाः बोंगाको।।	घर के गृह देवता।।
आलिङदो नो कुड़िहोनाः	हम इस लड़की के
जोनोम एंगा, जोनोम आपु	जन्मदाता माँ–बाप
तिसिङ आपेआः उम्बुलरे	आज तुम्हारी छाया में
सामा मोचा सामा लाइः।	खाली मुँह, भूखे पेट।
मोड़े हागा तालारे	पाँच भाइयों के बीच
कुपुल–गंगा जापाःरे	कुटुम्ब–बंधुओं के समक्ष
जोआरतानालिङ	जोहार करते हैं
गोआरितानालिङ।।	गुहार करते हैं।।
आलिङाः कुड़िहोन	हमारी बेटी का
जीदान जुड़ि, जीदान सोंगे	जीवन जोड़ी, जीवन संगी
.... बाबू माण्डोआ ताला	.... बाबू मण्डप के बीच
तेबाःआकानाएः, सेटेराकानाएः।	पहूँचा हुआ है, आया हुआ है।
आलिङदो एंगा–आपुकिङ	हम तो माँ–बाप
गाराआकानालिङ, गेराआकानालिङ	ग्रहित हैं, ग्रसित हैं
सिंगि लेका, चाण्डुः लेका	सूरज की तरह, चाँद की तरह
तोलाकानालिङ लुमाम लेका।।	बंधे हैं, रेशम की तरह।।
आपेगे मोड़े हागाते	तुम ही पाँच भाई मिलकर
आपेगे कुपुल गंगाते	तुम ही कुटुम्ब–बंधु मिलकर
तिः पारोमतालिङ एनाङ	हमें पार कर सकोगे
चुलु राकाबतालिङ एनाङ।	हमारा उद्धार कर सकोगे।
उडुः केटेःआकादालिङ	हमने निश्चय कर लिया है
मोने ठानाओआकादालिङ	हमने मनमें ठान लिया है

कोनेआः काजि रुनुआड़ा	कन्या का प्रत्युत्तर
(कोनेआ बाएः ओमोःताना)	(कन्या को फूल दिया जाता है)
सारतेगे आमाः काजिदो	सचमुच तुम्हारी बात
सारतेगे आमाः जागारदो	सत्य ही तुम्हारा कथन
जुलतान सेंगेल एड़ेगोःलेका	धधकती आग बुझने जैसा
लोओतान जी राड़ेगोःलेका।	जलता जी ठंढाने जैसा।
टोओरजानाम, आटाकारजानाम	लगता है, मालूम है
जीदान जुड़िम दांड़ाताना	जीवन–जोड़ी खोज रहे हो
सोंगे सोंगोति, कुलगिआ पान्ति	साथी–संगी अपने साथ
आञ इदिम हिजुःआकाना।।	मुझे लेने आए हो।।
मेनदो जोनोम एंगाः कोयोङाते	किन्तु जन्म दाता की गोद से
कोरोम आपुआः उम्बुलाते	कर्म पिता के प्यार से
बुरु बोंगा, इकिर बोंगाआते	पहाड़ी देव, जल देव के बीच से
पिड़ि–कुटुंडि, बिर–बुरुआते।	मैदान, वन पहाड़ से।
डांड़िदाः, सुद दागाते	डाड़ी से, स्रोत से
सोंगेको, गातिकोआते	संगियों से, साथियों से
हिगाड़ाउतारजाःञाम,	मुझे बिलकुल अलग कर रहे हो
पारका उतारजाःञाम।।	मुझे बिलकुल विलग कर रहे हो।।
एना जीरेञ दुकुताना	इसका मुझे मन में दुख है
कुड़ाम बितारेञ इआमताना	इसका मुझे हृदय में षोक है
नेआ चिलकाम सोतोगेआ	इसे कैसे बांधोगे
नेआ चिलकाम सांगोमेआ।।	इसे कैसे संभालोगे।।
जोआर! जोआर! जोआर! (बा दोड़ोम)	जोहार! जोहार! जोहार! (पुष्प दान)

रेंगे–तेताङ जीलाः केआते	भूख–प्यास सह कर
तिंगुआकानाञ जुगिलेका	खड़ा हूँ जोगी की तरह
दुबाकानाञ कोंए लेका।।	बैठा हूँ भिखारी की तरह।।
काञ नामताना हाति–सादोम	मैं नहीं खोजता हाथी–घोड़ा
काञ नामताना टाका–सिका	मैं नहीं खोजता रुपया–पैसा
काञ नामताना बाबा–चाउलि	मैं नहीं चाहता धान–चावल
काञ नामताना सोना–रुपा।	मैं नहीं मांगता सोना–चाँदी।
दिसुम जीदान पीटिआते	जीवन–जाहान के बाजार से
कुपुल–गंगा तालाते	कुटुम्ब–बंधुओं के बीच से
आमगे साला नामाकाना	तुम्हीं चुन ली गई हो
आमगे पिति नामाकाना।।	तुम्हीं खोज ली गई हो।।
कुपुल कुलगिआन होराते	पति–पत्नी कहलाने के लिए
जीदान जुड़ि मेनते	जीवन–जोड़ी कहलाने के लिए
मिद किआ सिंदुरि	एक किया सिन्दूर
बार थाड़ी सासाङ।	छो थाली हल्दी।
आम नांगेनगे जोगाओआकाना	तुम्हारे लिए ही ,रखा है
आम नांगेनगे जोतोनाकाना	तुम्हारे लिए ही जुगाया है
आंचोंड़ो रे ने तेलाएःमे	उसे तुम आंचल में स्वीकारो
पाएला रे ने पोटोमेमे।।	उसे तुम पल्लू में बांधो।।
मोलोङ पेरेःञ टिकातामा	आओ माथे पर टीका भर दूँ
जोआ पेरेःञ गोसोःतामा	आओ, गालों पर उसे मल दूँ
मोड़ेहागा, कुपुल गंगा	पाँच भाई, कुटुम्ब–बंधु
काजीकाको जी बितारते।।	साक्षी बनें सब मिलकर।।
जोआर! जोआर! जोआर! (बा दोड़ोम)	जोहार! जोहार! जोहार! (पुष्प दान)

तिसिङ ताला पिड़िरे
ने उलि सुबा रे
बागे जादलेआम, बाबु
राड़ाजाद लेआम बेटा।
चिकानाःम हांडाजानाःतेचि
चिकानाःले गुनाकेदाःतेचि–
मेनतेको कुलिञताना
मेनतेको मेताञताना।।

आज बीच मैदान में
इस आम के तले
बाबू तुम हमें छोड़ जा रहे हो
बेटे, तुम हमें तोड़ जा रहे हो।
क्या हमने तुम्हें नाराज किया?
क्या हमने कोई गुनाह किया?
इस तरह मुझसे पूछने लगे
इस तरह मुझसे कहने लगे।।

काञ बागेजादपेआ, गा
काञ राड़ाजादपेआ, गा
मोंडे हागा इदिकेकोआते
कुपुल गंगा गारकाकेकोआते।
आपे जोगाओ–जोतोननिः
आपे सुसार–बासारनिः
गातिञ गाति आउलीआ
सोंगोतिञ सुतुः आउलीआ।।

माताओ, मैं तुम्हें नहीं छोड़ रहा
माताओ, मैं तुम्हें नहीं त्याग रहा
पाँच भाइयों को लेकर
कुटुम्ब–बंधुओं के साथ कर।
तुम्हारी सेवा करने वाली
तुम्हारी सुश्रुसा करने वाली
अपनी संगिनी को लाने जा रहा हूँ
अपनी साथिन को लाने जा रहा हूँ।।

मेनतेञ काजिआकादकोआ
मेनतेञ बाकांड़ाकादकोआ
होसोड़ो काञ जागारताना
चाकाद काञ बाकांड़ाताना।
नाआः दोले टोओरकेःमा
निमताङले मुण्डिकेःमा
जीदान जूड़िम नामाना
गाति–सोंगोतिम पिचाआना।।

इस तरह उन्हें कह दिया है
इस तरह उन्हें वचन दिया है
मैं असत्य नहीं कह रहा
मैं तुम्हें छका नहीं रहा।
अब हमें पता चला
अब हमें मालूम हुआ
तुमने जीवन–जोड़ी पा ली है
तुमने साथी–संगिनी देख ली है।।

ओड़ाः बदला, हातु बदला
एंगा बदला, आपु बदला
नामानाम दिसुम बदला
बागेजादलेआम जोतोन बदला।

घर के बदले, गाँव के बदले
मँ के बदले, बा पके बदले
तुमने पा लिया है देश के बदले
छोड़ रहे हो हमें जतन के बदले।

बोओराः जागार रुनुआड़ा

(बोओर बाएः ओमोःताना)

आमाः उड़ुः बुगिनगेआ
आमाः जागार सारतेगेआ
मेनदो काजि आयुमलेम
जागार ताञ सुआड़ालेम।
.... हातु एआङको
लुमाम लेकान साकिङबुड़िको
मायाङो लिङुजाना ताको
काटाओ पेटेःजाना ताको।।

हिद पाण्डुजानाको
रुता पाण्डुजानाको
आपिआ बोओःजानाको
आपिआ काटाजानाको।
हिजुःतान इमताङरे
सेन एटेः दिपिलारे
कुलिकेटेः किःञाको
जागार बापाद किःञाको।।

ओड़ाः—दुआर बागे केआते
एंगा हातार राड़ाकेआते
ओकोते बाबुम सेनोःताना
चिमाएते बेटाम बिरिदताना।
मोद बालेः बालेःआते
मोद लिंडुङ लिंडुङाते
हाराकेद मेआले बाबु
माताकेद मेआते बेटा।।

वर का प्रत्युत्तर

(वर को फूल दिया जाता है)

तुम्हारा सोचना ठीक ही है
तुम्हारा कहना ठीक ही है
किन्तु मेरी बात सून लो
कथन का श्रवण करो।
.... गाँव की माताएँ
रेशम—सी दादियाँ
उनकी कमर झुक गई हैं
उनके पैर मुरक गये हैं।।

पेशार की तरह बाल पक गये
शीशम की तरह बाल पंडरा गए
तीन सिरों वाले हो गये
तीन पैरों वाले हो गये।
घर से निकलते समय
घर से चलते समय
उन्होंने मुझसे पूछा था
उन्होंने मुझसे कहा था।।

घर—द्वार छोड़कर
माता का बंधन तोड़कर
बाबू तुम कहाँ जा रहे हो
बेटे तुम कहाँ जा रहे हो।
जब से तुम बालक थे
जब से तुम छोटे थे
हमने तुम्हें बड़ा किया
हमने तुम्हें जवान किया।।

हातु जुड़ि हातुञ नामामताना	गाँव के बदले गाँव दिला रहा हूँ
एंगा जुड़ि एंगाञ होपोरामताना	माँ के बदले माँ दिला रहा हूँ
आपु जुड़ि आपुञ तिंगुआमताना	पिता के बदले पिता खड़ा कर रहा हूँ
कुपुल जुड़ि कुपुलेञ दुबामताना।	कुटुम्ब के बदले कुटुम्ब बैठा रहा हूँ।
एला लेंगा तीरे हिजुःमें	आओ मेरी बायीं ओर बैठो
सार सुपिद लेनेमे	जूड़े में तीर बांधो
कापि पाटे जापाःएमे	कमर में फरसा छांदो
जीदान होरा आञलोः सेनेमे।।	मेरे संग चलो जीवन के रास्ते में।।
जोआर! जोआर! जोआर! (बा दोड़ोम)	जोहार! जोहार! जोहार! (पुष्प दान)

कोनेआः हानाटि	कन्या की हठ
(कोनोआ बाएः ओमोःताना)	(कन्या के हाथ में फूल दिया जाता है।)
आहो, आमाः काजि चीनी मिसिरि	प्रिय तुम्हारी बात चीनी, मिसरी सी
गुडूआनगे, गोतोमानगे	गुड़ की तरह, घी की तरह
जीताञ गेओल–गेओलताना	मन में गुदगुदी होती है
कोते हेड़ेम, कोते हाड़ादताना।	किधर मीठी, किधर खट्टी।
ओड़ाः दुआर सम्बाड़ाओ मेनते	घर–द्वार संभालने के लिए
हातु–दिसुम टेकाओ मेनते	गाँव–देष टिकाने के लिए
जिनगानी सुगाड़ाओः मेनते	सुन्दर जीवन के लिए
लांदा–रासिका ताइन मेनते।।	हँसी–खुषी जीने के लिए।।
ताइनो इतु, सेनो जुगुतु	रहना–चलना सीखना होगा
दुब–तिंगुनो इतुले एनाङ	बैठना–उठनाा सीखना होगा
जागार–जापागारो इतुले एनाङ	बोलना–बतियाना सीखना होगा
कामि–उदामो मुण्डिले एनाङ।	काम– उद्यम सीखना होगा।
जी बितारातेञ जागारामताना	जी के भीतर से बोल रहा हूँ
जुदि आञाः काजिम मानातिङताना	यदि मेरी बात मानोगे
तोबे रेदोञ सेना आमलोः	मैं तुम्हारे साथ चलूँगी
कारेदो काञाःताना।।	नही तो तुम्हारे साथ नहीं चलती।।

मेनतेको काजिआञताना
मेनतेको बाकांड़ाञताना
इआमतानाको, गेराङतानाको
नुरानतानाको, ताबागेनतानाको।।

इस तरह लोग कहने लगे
इस तरह लोग बोलने लगे
रोने लगे, सिसकने लगे
कलपने लगे, बिलखने लगे।।

सेंगेल बोंगा सानामाङरे
हागा कुपुल तालारे
एंगा किरिआञ जोमजादा
उलि किरिआञ नाबजादा।
बाले: सिंगि तुरतानलो
आपेआ: नावा किमिनलो:
मोड़े हागा–कुपुललो:
गाजा–बाजा बाजुडिंआलो:।।

अग्नि देवता के सामने
कुटुम्ब बंधु के बीच
माँ की कसम खाता हूँ
आम की कसम खाता हूँ।
कल सूर्य उगने तक तुम्हारी
नई बहू के साथ
पाँच भाइयों के साथ
गाजे–बाजे के साथ।।

लेल दारोमपे, चिना दारोमपे
चो: तेआ:को, चुमान तेआ:को
सोतो: ताड़ाएपे, सांगोम ताड़ाएपे
तेआराकानो:पे साम्पोड़ोआकानो:पे।
जुदि काञ ति:आउकीरे
जुदि काञ सुतु: आउकीरे
हातु सीमान काञ चापादेआ
ओड़ा: दुआर काञ बोलोआ।।

यदि मैं नहीं आया
यदि साथ नहीं लाया
गाँव की सीमा में पैर नहीं रखूँगा
घर के दरवाजे में प्रवेष नहीं करुँगा।।
तुम हमारी राह देखना, पहचान रखना
चुमावन की सामग्री, स्वागत के सामान
जुटाते रहना, संजोते रहना
तैयार रहना, संपरे रहना।।

मेनतेञ काजिआकादकोआ
मेनतेञ बाकांड़ाआकादकोआ
मोड़े हागा ताला रे
कुपुल गंगा जापा:रे।
दिआ सेंगेल सामाङरे
सारजोम दारु सुबारे
काञ हिड़िजादमेआ गा
काञ हिगाड़ाजादमेआ गा।।

इस तरह मैंने कह दिया है
इस तरह मैंने बोल दिया है
पाँच भाइयों के बीच
कुटुम्ब बंधुओं के बीच।
दीप–अग्नि के समक्ष
शालवृक्ष के तले
मैं तुम्हें ठग नहीं रहा हूँ
मैं तुम्हें अलगा नहीं रहा हूँ।।

जी बितारेरे ताम्बारुबजाना।	मन के भीतर तक चला गया।
पिड़ि–कुटुंड़ि कामि उदामते	काम–उद्यम के बाद
ओड़ाः–राचाञ रुआड़ाकोःरे	घर–आंगन वापस आने पर
लान्दा दारोम, जागार दारोमिञमे	हँसकर–बतियाकर मेरा स्वागत करना
लोटा दाः ओम दारोमिञमे।।	लोटा–पानी से मेरा स्वागत करना।।
आमाःगे ओड़ाः–दुआर	तुम्हारे ही घर–द्वार
आमाःगे तुकु–डिंकि	तुम्हारे ही मूसल–ढेंकी
आमाःगे चाटु–लुण्डिः	तुम्हारे ही हांड़ी–बर्तन
आमाःगे बोंगा–बुरु।	तुम्हारे ही देवी देवता।
एआङ ताको आबा ताको	माताओं की, पिताओं की
सुसारकोम, जोतोनकोम	तुम सुश्रुशा, जतन कराना
कुपुलनिः, कुटुमनिः	कुटुम्ब जो आएं, बंधु जो आएं
हागानिः, बोयानिः।।	भाई जो आएं, बिरादर जो आएं।।
बिलाकोम पाटि पारकोम	उन्हें चटाई–खाट बिछा देना
चुना–तामाकु ओमाकोम	उन्हें चुना–तमाखू देना
लोलोदाः, बासिदाः	गरम पानी, बासी पानी
ओम दारोम, तिल दारोमकोम।	देकर, बाँट कर स्वागत करना।
आञ बेगार कुलि किञाते	मुझे पूछे बिना
पीटि–पीड़ि, बुरु–पिड़ि	बाजार–मैदान, मेला–ठेला
सुसुन आकाड़ा जारुओड़ाः	नाच अखरा, मिलने–जुलने
कुपुलोः आलोम सेनोः हापेना।।	मेहमानी, चुपके से न जाना।।
रिंडिकाड़ि आलोम आउआ	ऋण–उधार न लेना
एटाः दुआराते आलोम आउआ	दूसरे के घर से न लेना
जेता सोंकोटो टोगोःरेदो	कोई संकट आने पर
बारानकिंतेलाङ लेल दारोमेआ।	दोनों मिलकर करेंगे सामना।
एला हिजुःमे लेंगातीरे	आओ बैठो मेरी बाई ओर
उयुःनालाङ एंगा काटारे	झुकें हम माता के चरणों पर

तिः बिरिदतालांकाएः कोयोङरे	वह हमें गोदी में उठाए
चुलुतालाङकाए जीदान जांगिरे।।	जीवन की सीढ़ी पर हमें चढ़ाए।।

जोआर! जोआर! जोआर! (बा दोड़ोम)	जोहार! जोहार! जोहार! (पुष्प दान)

कोनेआ-बोओर बारानाकिंआः गोआरि	**कन्या-वर दोनों की प्रार्थना**

(कुड़िहोन बोओराः लेंगा तीरे, होपोरताना। बारानकिङ जोमती तिपिरिङ केआतेकिङ गोआरिताना (बाकिङ ओमोःताना।)	(कन्या वर की बाई ओर आती है। दोनों हाथ एक दूसरे के ऊपर किए हुए प्रार्थना करते हैं। उन्हें फूल दिया जाता है।)

हे सिरमारेन सिङबोंगा	हे स्वर्ग के परमेश्वर
ओतेरेन ओतेएंगा	पृथ्वी की धरती माँ
.... हातु सिमान	.... गाँव की सीमा के
बुरु बोंगा इकिर बोंगा।	पहाड़ी देवता, जल देवता।
मांडा बुरु, देसाउलि	माड़ा पहाड़, देसाउलि देव
चांडि एरा, नागे एरा	चण्डी देवी, नाग देवी
बा जायार, जिलु जायार	सरहुल जाहेर, शिकार जाहेर
तोराकोड़ा चोंड़ेया कोड़ा।।	तोरो छोकड़ा, चरवाहा छोरा।।

तिसिङ आपेआः उम्बुलरे	आज तुम्हारी छाया में
दिआ सेंगेल सामाङरे	दीप अग्नि के समक्ष
मोड़े हागा ताला रे	पाँच भाइयों के बीच
कुपुल गंगा जापाःरे।	कुटुम्ब-बंधुओं के पास।
जोआरतातालिङ, गोआरितानालिङ	हम जोहार करते हैं, गुहार करते हैं
जुड़िरेलिङ दुबाकाना	जोड़ी में बैठे हैं
पांति रेलिङ जारुआकाना	पंक्ति में बैठे हैं
जुड़िन नांगेन, जोतोन नांगेन।।	जुड़ने के लिए, जुतने के लिए।।

जुदिम बालू:रे, जुदिम बुलो:रे	यदि तुम पागल हुए, शराबी हुए
सिउ–चालु कामा:रे	जोतने–कोड़ने में मन नहीं लगाओगे
कामि–उदाम कामा:रे	काम–उद्यम से भागोगे
जोजोम बारिम नानामरे।	सिर्फ खाने को चाहोगे।
काजि हुड़िङ ओंड़ाजानरे	बात थोड़ी बिगड़ने पर
कामि बातिरि तांड़ाजानरे	काम कोई खराब होने पर
साएमेद, कोरसेल मेदिञरे	टेढ़ी नजर, कड़ी नजर
रेः राआड़, हाड़ाद मोचाञरे।।	गली गलौज करोगे।।
तेगाञरेम, चापादिञ रेम	ठोकर मारोगे, रौंदोगे
पादाञरेम, पासाकाञरेम	पैर चलाओगे, लात मारोगे
डाण्डा:ञरेम, रूञरेम।	डंडा चलाओगे, सोंटा मारोगे
आञ बेगार कुलिकिआते	मुझे मारोगे, पीटोगे।
पीटि बुरूम सेनो:रे	मुझे बिना बताए
तालानिदा, आदिङ निदा	बाजार–मेला जाओगे
खोदोड़ो–खेंदोड़ोम	आधी रात, अंधेरी रात
काजिआञरे।।	मुझसे बक–झक करोगे।।
हिरुमिञरेम, गोड़ोमिञरेम	मुझे सौतन, सहपत्नी बनाओगे
काञ सेना आमाः लेंगा ती	मैं तुम्हारी बाईं ओर नहीं जाऊँगी।
एनका रेदो जू रूआड़ामे	उस तरह रहोगे तो जाओ वापस जाओ
हिजु:लेन होरा साबेमे।।	जिधर से आए हो, वही रास्ता पकड़ो।।
जोआर! जोआर! जोरआर! (बा दोड़ोम)	जोहार! जोहार! जोहार! (पुष्प दान)

बोओराः काजि रूनुआड़ा — वर की पुनरुक्ति

(बोओर बाएः ओमो:ताना)	(वर के हाथ में फूल)
ओहो, आमाः काजि कांडा सारलेका	प्रिय, तुम्हारा कहना तीखा तीर
ईम सुरुदरेञ तुञ जाना	सीधे ह्रदय में ही जा लगा
इकिर रे दिरि तेरकेदलेका	दह में पत्थर फेंकने की तरह

काजि लिङ तोलकेदा	बात हमने तय की
जागारलिङ रोओदकेदा	वचन हमने बांधा
मोदमुलि सेनेरेआः	एक दिषा में चलने को
मोदमुलि चाण्डाङेरेआः।	एक दिषा में बढ़ने को।
जोआराइतानालिङ जोनोमएंगा	जन्मदातृ माता को हम जोहार करते हैं
नामेकालिङ आएआः देंगा	हमें उसका प्रोत्साहन मिले
मिआद आंचोड़ोरे उम्बुलेनरेआः	अपने आँचल की छाया में रहने का
पेड़ेएः हाटिङतालिङका।।	बल वह हमें बाँट दे।।
जोआर! जोआर! जोआर! (बा दोड़ोम)	जोहार! जोहार! जोहार! (पुष्प दान)

एंगाआः गोआरि / माँ की प्रार्थना

(कोनेआ–बोओरकिनाः ती तिपिरिङ। तारामुण्डि आदोआ सुताम तोलबिउरोःताना। तारा मुण्डि एंगाआः तीरे। एंगाआः तीरे बा ओमोःताना।)	(कन्या वर के हाथ एक दूसरे के ऊपर धागे की एक छोर से दोनों हाथ बांधे जाते हैं दूसरा छोर माँ के हाथ में। माँ के हाथ में फूल दिया जाता है।)

हे सिरमारेन सिङबोंगा	हे स्वर्ग के परमेश्वर
ओतेरेन ओतेएंगा	पृथ्वी की धरती माँ
.... हातु सिमान	.... गाँव की सीमा के
